# कक्षा- 6, विषय- हिन्दी

नाम......
स्कूल.....

प्रश्न 1- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - अच्छा, दिन, बड़ा, हल्का, ऊँचा, अपना, खुला, नया, सूखा, सच

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो -
पृथ्वी, आकाश, पहाड़, चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि, जल, ईश्वर, घोड़ा, कमल

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -
बड़ों की आज्ञा मानने वाला -
सदा सत्य बोलने वाला -
जीवों पर दया करने वाला -
किसी से न डरने वाला -
दूसरों से झगड़ा करने वाला -

प्रश्न 4- अपनी पाठ्य पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की 8 पंक्तियां लिखिए।

प्रश्न 5- निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएं-
राजू पुस्तक पढ़ रहा है।
घोड़ा तेज दौड़ रहा है।
मोहन प्रतिदिन स्कूल जाता है।
मेरे पिताजी बैंक में काम करते हैं।
हम सब कल ट्रेन से लखनऊ जाएंगे।

प्रश्न 6- निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-
अंधे की लकड़ी होना।
नो दो ग्यारह होना।
आँखों में धूल झोंकना।
दाँत खट्टे करना।
दाल में काला होना।

प्रश्न 7- निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छांटिए-
हाथी धीरे-धीरे चलता है।
वह लाल कोट पहने हुए था।
वह बूढ़ा व्यक्ति कल यहाँ आया था।
चीता तेज दौड़ता है।
आज तुम जल्दी विद्यालय आ गए थे।

प्रश्न 8- सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 9- अपना साथ स्वयं बनाइए पाठ का सारांश लिखिए।

प्रश्न 10- ईमानदारी से कार्य करने का क्या तात्पर्य है? आपको कैसे पता चलता है कि आपके द्वारा कार्य ईमानदारी से किये गए? ईमानदारीपूर्वक कार्य करने के क्या-क्या लाभ हैं?

प्रश्न 11- राजा के कितने मंत्री नशे में पाए गए? नशे के क्या-क्या दुष्परिणाम होते है? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 12- राजा ने युवक को प्रधानमंत्री क्यों बनाया?

प्रश्न 13- "आपकी सफलता का सबसे बड़ा रहस्य क्या है?' इस प्रश्न का अब्राहम लिंकन ने क्या जवाब दिया?

प्रश्न 14- गाँधी जी ने अपने आश्रम को प्रयोगशाला क्यों कहा है?

प्रश्न 15- पाठ के शीर्षक 'आप भले तो जग भला' का क्या आशय है?

अपठित गद्यांश -
संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

# कक्षा- 6, विषय- हिन्दी

(क) संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है?
(ख) व्यक्ति के बस में क्या नहीं है?
(ग) किस प्रकार के विद्यार्थी पछताते हैं?
(घ) मनुष्य का क्या कर्तव्य है?

प्रश्न 17- अपनी पाठ्य पुस्तक महान व्यक्तित्व से किसी एक पाठ की कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 18- निम्नलिखित दोहे की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए-
दुर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय।
मुई खाल की स्वास सो, सार भसम हो जाय।।

प्रश्न 19- रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सुन।
इस दोहे में पानी शब्द के कितने अर्थ बताए गए हैं।

प्रश्न 20- निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए-
हाथी, माली, कवि, राजा, घोड़ा, लड़का, पंडित, लेखक

प्रश्न 21- निम्नलिखित एकवचन शब्दों के बहुवचन बनाइए-
झण्डा, बिल्ली, कविता, चूहा, पक्षी, मछली, झाड़ी, शिक्षिका, वीरांगना, खिलौना

प्रश्न 22- निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलिए-
राजन दिल्ली में रहता है।
हमारे परिवार में पाँच सदस्य हैं।
मोहन विज्ञान विषय का छात्र है।
हम आज अलीगढ़ जाएंगे।
आकाश में बादल गरज रहे हैं।

प्रश्न 23- अपने विद्यालय में बोली जाने वाली कोई एक प्रार्थना लिखिए।

प्रश्न 24- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्र को सन्मार्ग की ही ओर अग्रसर करता है, उसी प्रकार एक सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप की गर्त में गिरने से बचाता है। मानव-जीवन अधिक रहस्यपूर्ण है। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं, जब मनुष्य की धार्म-बुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन तेज़ गति से पाप की ओर दौड़ता है। ऐसे समय में मित्र का ही उपदेश अधिक कल्याणकारी सिद्ध होता है। मित्र के उपदेश का जितना प्रभाव हृदय पर पड़ता है, उतना और किसी का नहीं।

प्रश्न
1. उपर्युक्त का शीर्षक बताओ।
2. उपर्युक्त गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए।
3. सच्चे मित्र और शिक्षक में क्या समानता है?
4. मनुष्य पाप की ओर कब प्रवृत्त हो जाता है?

प्रश्न 25- निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए-
कागद, अच्छर, पंछी, प्रथ्वी, प्रशन, किरपा, परवत, अम्रत, विस्वास, अभिलासा

प्रश्न 26- सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 27- निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाइए-
1. कौन नहीं पहुंचा?
2. तुम्हारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
3. अमित को बुलाया था, वह आ गया है।
4. जिसे कुछ करना चाहिए था, उसने ही नहीं किया।
5. आपका घर दूर है।
6. यह किसकी पेंसिल है?
7. सभा में कोई नहीं बोला।

प्रश्न 28- निम्नलिखित शब्दों 'अप' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ-
मान, यश, कीर्ति, शगुन, कार, शब्द, बाद

प्रश्न 29- संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 30- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए-
अपना, लिखना, पढ़ना, सच, सुन्दर, मोटा, बड़ा, अच्छा, मानव, गिरना